# जहां पढ़कर निकलीं शख्सियत वो बंद होने की कगार पर



कटनी। कभी शहर की पहचान रहे नगर निगम के संचालित तीन स्कूलों के असतित्व पर संकट मंडरा रहा है। यह तीनों स्कूल ऐसे स्कूल हैं जहां कटनी शहर की कई ऐसी शख्सियत पढ़ कर निकलीं जिन्होंने देश में नाम कमाया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीवगांधी के सलाहकार रहे पीएन हक्सर का नाम इनमे प्रमुख है। इसी तरह राजनीति कला, कवि आदि के क्षेत्र में शहर के नाम चीन लोगों ने साधूराम केसीएस या फिर ए रवीन्द्रराव स्कूल में शिक्षा ग्रहण की होगी। शहर का साधूराम शासकीय उमा विद्यालय किसी धरोहर से कम नहीं है, साथ ही केसीएस स्कूल और ए रविंद्र राव स्कूल भी अपने आप में एक खास अहमियत रखते हैं। ये तीनों स्कूल नगर निगम के हैं, जिनका संचालन भी नगर निगम करता है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से शिक्षकों की कमी के चलते स्कूलों का न सिर्फ शैक्षणिक स्तर गिर रहा है बल्कि संचालन पर भी आंच आने लगी है। आपको जानकर हैरानी होगी कि नगर निगम प्रबंधन स्कूलों को चलाने में असमर्थ साबित हो रहा है और बात यहां तक आ गई है कि इन स्कूलों के संविलियन या फिर शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव विभाग व शासन को भेज दिया है, इसकी मुख्य वजह विभाग की नीतियों के कारण आने वाली अड़चनें हैं। बता दें कि इस मामले में नगर निगम ने यह तर्क दिया है कि अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या में कमी होने के कारण व पर्याप्त शिक्षक न होने से विद्यालयों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निकाय में 2014 से आदर्श कार्मिक संरचना लागू की गई है, जिसके तहत शिक्षकों के पदों की व्यवस्था नहीं की गई। शिक्षकों की नवीन नियुक्ति किया जाना संभव नहीं है।

### ए रविंद्र राव उमा विद्यालय में 64 एवं साधूराम में 108 छात्र

नगर निगम ने कहा है कि ए रविंद्र राव उमा विद्यालय में 64 एवं साधूराम स्कूल में 108 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। संख्या कम होने व स्टॉफ की कमी के चलते संविलिनय भी किया जा सकता है। इतना ही नहीं नगर निगम ने तीनों स्कूलों को शासन से अनुमति प्राप्त करते हुए शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने की पैरवी कर चुका है।

### विद्यालयों में शिक्षकों की स्थिति न के बराबर

बता दें कि तीनों ही विद्यालयों में शिक्षकों की स्थिति न के बराबर है। केसीसी उमा विद्यालय में 4 नियमित शिक्षक, दो संविदा शिक्षक, बाल मंदिर शिक्षिका 2 व आउटसोर्स से अतिथि शिक्षक 3 हैं। इसी तरह ए रविंद्रराव उमा विद्यालय में नियमित शिक्षक संविदा शिक्षक मात्र दो, 4 आउटसोर्स से अतिथि शिक्षक हैं। साधूराम उमा विद्यालय में नियमित 3, संविदा शिक्षक एक, बालमंदिर में शिक्षिका 2 व तीन अतिथि शिक्षक के भरोसे पढ़ाई चल रही है।



## देश में प्रसिद्ध छोटी महानदी की धार भी टूटने लगी

# कटनी, उमरार-सिमरार के बाद महानदी पर भी संकट

कटनी। जिले से गायब हो गईं नदियां और तो और कटनी उमरार सिमरा के बाद महानदी पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कटनी से करीब 40 किलोमीटर दूर हर समय पानी से भरी रहने वाली महानदी इस बार धार टूटती नजर आ रही है आने वाले दिनों में यह भीषण जल संकट के संकेत हैं। यहां आपको बताना जरूरी है कि कटनी में महानदी की रेत पूरे देश में एक खास तरह की रेत होती है। महानदी की रेत के अवैध खनन के लिए अक्सर आरोप प्रत्यारोप लगते रहते हैं। बहरहाल भीषण गर्मी की मार करें या फिर खनन व उपेक्षा, जीवनदायनी महानदी की धार सूख रही है। कटनी जिले के लगभग 300 गांवों की प्यास बुझाने वाली महानदी से योजना पर काम चल रहा है, हजारों हजार किसानों के खेतों की प्यास मिटाती है, इस बार इतना पानी भी नहीं बचा है कि उसे दोनों पाट भींग रहें। अल्प वर्षा के कारण नदी के कैचमेंट एरिया में पानी नहीं आया। इससे गर्मी की शुरुआत में ही नदी की तलहटी नजर आने लगी है। हमेशा लबालब रहने वाली नदी में जल स्तर इतना घट गया है कि एक डग रखकर लोग पाट पार कर ले रहे हैं।

गर्मी के साथ ही शहर में विकराल रूप ले रहे जल संकट से निपटने के लिए शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ ही बेहतर आपूर्ति के लिए जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगें। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने टैंकरों के माध्यम से की जा रही पेयजल आपूर्ति का समय निर्धारित करने के निर्देश दिए। टैकरों से जलापूर्ति के निर्धारित समय की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी देने का आदेश दिया है। ताकि प्रत्येक व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध हो सकें।

# धारा 370 हटने के बाद ज मू-कश्मीर में शांति

### एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष मनिंदर जीत सिंह बिट्टा आए कटनी



कटनी। जम्मू-कश्मीर में आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। गोलीबारी बंद हो गई है। पत्थरबाज दहशत में है। इसकी वजह धारा 370 को हटाया जाना है। जम्मू-कश्मीर के साथ ही देश में आंतकवादी घटनाएं काफी हद तक कम हुई हैं। सरकार ने आतंकी घटनाओं पर कन्ट्रोल किया है। और आंतकियों को संरक्षण देने वाले देश को भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। यह बात एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष मनिंदर जीत सिंह बिट्टा ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। वे 22 अप्रैल को जम्मू के सुजवान इलाके में आतंकी हमले में शहीद सीआईएसएफ के सहायक उपनिरीक्षक शंकर प्रसाद पटेल के सतना जिले के मैहर के पास गृहग्राम नौगवां पहुंचे थे और अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी। पत्रवार्ता में श्री बिट्टा ने कहा कि आंतकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। आंतकियों को पकड़ने के बाद उन्हे जल्द फांसी की सजा दी जाए, इसके लिए देश में एंटी टेररिज्म मिलेटरी कोर्ट का गठन किया जाना चाहिए। इस दौरान आंतकियों के बचाव में खड़े होने वाले वकीलों पर भी उन्होंने अपना गहरा रोष दिखाते हुए कहा कि इनका बचाव देश के वकीलों को नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंतकियों का केस लड़ने वाले वकीलों को फंडिंग कहां से होती है, इसकी जांच होनी चाहिए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम भी मौजूद थे।

**भाजपा की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला**

# बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलओ: ये त्रिदेव पार्टी की रीढ़





कटनी। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया द्वारा जिला स्तरीय त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यशाला भाजपा कार्यालय में मुख्य वक्ता संजय साहू एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यशाला में कटनी जिले के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्षए मंडल प्रभारी एवं मंडल प्रशिक्षक मुख्य वक्ताए आईटी सेल के प्रभारी उपस्थित रहे। बूथ समितियों के सत्यापन व बूथों में बनाए गए अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलओ, 2 जिसे पार्टी ने त्रिदेव की संज्ञा दी है, इन सभी की कार्यशाला मंडल स्तर पर 30 अप्रैल और 1 मई को आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ। कार्यशाला में मण्डल स्तरीय कार्यशाला के निमित्त कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण प्रतिक्षण इस अवधारणा को चरितार्थ करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता मतदान केंद्र समिति को सशक्त समृद्ध और स्वावलंबी बनाने के लिए बूथ समितियों का प्रशिक्षण कर रहे हैं। नेताओं ने कहा कि बूथ अध्यक्ष एवम बूथ समिति अपने आप में एक सक्षम इकाई भविष्य में सिद्ध होगा। इस दिशा में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में जो कार्यक्रम चल रहे हैं वह संगठन के लिये अद्वितीय हैं। बूथ समिति भविष्य में संगठन के सभी कार्यक्रम और कार्य पद्धती को अंगीकार करते हुए मतदान केंद्र को और सुद्रढ़ बनाएगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य वक्ता डिंडोरी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला भाजपा प्रभारी संजय साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में करणीय कार्य और संगठन की रीति नीति से अवगत कराया। श्री साहू ने आगामी तिथि में मण्डल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग के दौरान किन किन विषयों पर चर्चाए जानकारी तथा उद्बोधन देना है इन सभी की प्रशिक्षकों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ता का पार्टी निरन्तर मूल्यांकन करती है। हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता से संवाद होना मुख्य धेय होना चाहिए। कार्यशाला में पूर्व विधायक तथा मन की बात कार्यक्रम की जिला प्रभारी अलका जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा राजनीति दल है जो निरन्तर कार्यक्रम के जरिये अपने प्रत्येक कार्यकर्ता से संवाद रखता है। श्रीमती जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनने के बाद ऐसा लगता है जैसे प्रधानमंत्री जी को देश के प्रत्येक व्यक्ति का ख्याल सदैव रहता है। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय समर्पण निधि संग्रह अभियान के बारे में जरूरी जानकारी से सभी को अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने किया। इसके पहले भावना सिंहए उपाध्यक्ष दीपक टण्डनए मृदुल द्विवेदी आदि ने स्वागत किया।

**बूथ स्तर तक कार्यकर्ता से निरन्तर संवाद हमारी पहली प्राथमिकता- संजय साहू**

## उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में भागवत कथा का आयोजन

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनकर झूम उठे श्रद्धालु





कटनी। उपनगरीय क्षेत्र के छपरवाह में श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु झूम उठे और कथा स्थल पूरी तरह से श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। उधर श्रद्धालु कथा के दौरान सुनाए गए भक्तीमय भजनों पर झूमते हुए नजर आए। इस दौरान कृष्ण जन्म होने की खुशी में श्रद्धालु भजनों की धुनों पर झूम उठे। उल्लेखनीय है कि पंडित स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद तिवारी व स्वर्गीय श्रीमती सावित्री तिवारी की स्मृति में उनके सुपुत्र संतोष तिवारी व सतीश तिवारी के द्वारा 20 अप्रैल से 28 अप्रैल तक उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कंचनपुर सतना के पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कथा में कृष्ण जन्म लीला का वर्णन बहुत ही मधुर संगीत तथा आकर्षक झांकी द्वारा सुनाया।

कथा व्यास अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भाद्र कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि भगवान बालक के रूप में प्रकट हुए। श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु खुशी से झूम उठे और उन्होंने श्रीकृष्ण के जयकारें लगाए।

# पशुओं के लिए पानी का इंतजाम कर रहे युवा



कटनी । दिनों दिन चढ़ रहे पारे ने आमजन के साथ ही सड़कों, गलियों में घूमने वाले पशुओं को भी प्यास ने बेहाल करना शुरू कर दिया है । ऐसे में मध्यप्रदेश के कटनी में युवाओं ने बेहतरीन फहल की है। इंसान तो अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी मांग लेता है । लेकिन इन बेजुबानों के लिए ऐसे मौसम में परेशानी बढ़ जाती है निरंतर हो रहे जलवायु परिवर्तन से भूमि का जल स्तर भी नीचे गिरता जा रहा है । गड्ढे और तालाबों का पानी सूख रहा है ।

### पानी की तलाश में भटकते जीव की परवाह

इससे पशु पक्षी और जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में भटकते रहते हैं । यह कहना है कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी सदस्यों का टीम के युवाओं का कहना है कि ऐसे हालातों में पशुओं की जीवन रक्षा के लिए सदस्यों ने सीमेंट की छोटी पानी टंकी जगह जगह रखाने प्रयास कर रहे हैं । टीम के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में वे लगभग दस साल से इस प्रयास को दोहराते आ रहे हैं । पशु पक्षियों को गर्मी में प्यास से राहत दिलाने के लिए सोसायटियों , गली मोहल्लों के साथ सार्वजनिक स्थानों में इन टंकियों को रखाया गया है ।ऐसे स्थानों जहां पशुओं की आवाजाही होती है । उन स्थानों एवं आसपास रहने वाले वाशिंदे भी इन टंकियों में पानी खाली होने पर स्वयं के प्रयास से इन्हें पानी से भर रहे हैं । सिटीजंस के अनुसार ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों का यह प्रयास पशुसेवा की मरोबर डोर जोड दिशा में सराहनीय पहल है । ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष टीनू सचदेवा के अनुसार युवा टीम मोहल्ले मोहल्ले मूक पशुओं को पानी पिलाने टंकिया रख सेवा के कार्य में सहयोग दे रहे हैं । पक्षियों के लिए भी पानी रखने जागरुकता युवा टीम द्वारा अभी तक 200 पानी की टंकी विभिन्न स्थानों में पहुंचाई गई है । शहर में टकिया पहुंचाने का काम करने के साथ सदस्य उन क्षेत्र के वाशिंदों से अपने घरों की छतों और मुंडेरों पर बेजुबन पक्षियों के लिए भी पानी रखने जागरुक कर रहे हैं । सदस्यों का कहना है कि छत में छायादार जगह बनकर वहां पानी पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है ।


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
11.30, 3, 6.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से





JERSY (हिंदी में)
कलाकार- शाहिद कपूर, मृनाल ठाकुर, पंकज कपूर, शिशिर शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
12.30, 3.45, 7, एवं रात्रि 10.15 बजे से




KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 14 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
KGF CHAPTER-2
(हिन्दी में )
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो.

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033




# पृथ्वी माता का वंदन अभिनन्दन

### जालपा देवी मंदिर प्रांगण में विशाल अल्पना रंगोली बना कर भू-अलंकरण पर्व मनाया

कटनी। भारतीय संस्कृति और साहित्य के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित संस्था संस्कार भारती की परंपरा अनुसार सुश्री मीरा भार्गव के निर्देशन और दिनेश पांडे, वीरेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जालपा देवी मंदिर प्रांगण में सभी पदाधिकारियों एवं विधा प्रमुख ने सामूहिक रूप से पृथ्वी माता का बहुत सुंदर अलंकरण किया। विविध रंगों के समायोजन से श्रीमति अनीता वैश्य, श्रीमती रंजना बहरे, किटी गुप्ता अनीता सिजारिया, हीरामणि बरसैन्या कल्पना कोटक, निकिता कोटक, आकांक्षा बरसैंया, माया तिवारी, गीता बरसैंया स्नेहलता सोनी , दीपाली गुप्ता, नीतू गुप्ता, तनु गुप्ता ने विशाल रंगोली बनाकर अनुपम दृश्य साकार किया । इस अवसर पर डॉ प्रतिमा रमन, श्रीमती हीरामणि बरसैंयां, अशोक तिवारी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, नवीन गुप्ता, राजेश बरसैन्या, राजेश बहरे आर बी गुप्ता, सुशील तिवारी, आदि सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माँ दुर्गा की आरती पूजा कर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक टेंकर का इंतजार कर रहे वाशिंदे

## अधिकारी हर बार यही कहते रहे टेंकर भेज दिया, लेकिन पहुंचा नहीं

**कटनी।** शहर में व्याप्त पेयजल संकट से निपटने और जिला प्रशासन द्वारा संकटग्रस्त क्षेत्रों में टेंकर से जलापूर्ति करने के निर्देशों के बाद भी नगर निगम के अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे। आलम यह है कि शहर के कई वार्डों में बार-बार निवेदन किए जाने के बाद भी टेंकर नहीं भेजा जा रहा। जिससे लोगों में नगर निगम की मनमानी कार्यप्रणाली के प्रति रोष व्याप्त है। जयप्रकाश वार्ड के अंतर्गत नई बस्ती सोंधिया गली में भी 23 अप्रैल को कुछ ऐसा ही हुआ। शनिवार की सुबह नगर निगम द्वारा इस क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं किए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने टेंकर प्रभारी अभिषेक अरजरिया को फोन लगाकर यहां टेंकर भेजने का निवदेन किया। इसके बावजूद शाम 7 बजे तक टेंकर नहीं भेजा गया। सोंधिया गली निवासी वरिष्ठ नागरिक बाबू सोंधिया ने बताया कि उनके द्वारा सुबह से लेकर शाम तक टेंकर



**वार्डों में टेंकर पहुंचने के बाद पानी के लिए ऐसे टूट पड़ रहे लोग।**

### कलेक्टर के निर्देशों की परवाह नहीं नगर निगम के अधिकारियों को

प्रभारी अभिषेक अरजरिया को कईयों बार फोन लगाकर टेंकर भेजने के लिए कहा गया लेकिन हर बार उनका यही जवाब रहा कि टेंकर भेज दिया गया है, जबकि यहां टेंकर नहीं पहुंचा। जिसके चलते इस क्षेत्र के लोगों को शनिवार को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान टेंकर प्रभारी यह भी कहते रहे कि विद्युत प्रवाह बंद लम्बे समय से बंद है, जबकि क्षेत्र के नागरिकों द्वारा इस संबंध में पता लगाया गया तो यह बात सामने आई कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। वार्ड की पूर्व पार्षद मंजू निषाद द्वारा भी टेंकर प्रभारी से चर्चा की गई तो उन्हें भी झूठा आश्वासन दिया गया कि टेंकर रवाना कर दिया गया है, जबकि यहां पहुंचा ही नहीं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस तरह नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कलेक्टर के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जलसंकट ग्रस्त क्षेत्रों में टेंकर नहीं पहुंचाया जा रहा है। इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से भी की गई है।



# 15-20 दिनों से बंद पड़ा बोर, गांव में नहीं हो रही जलापूर्ति

## गुलवारा एवं गनियारी में पीने के पानी के लिए परेशान ग्रामीण

**कटनी।** शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेजयल संकट से स्थिति विकराल होने लगी है। आलम यह है कि जिला मुख्यालय से लगे कई गांवों में पिछले कई दिनों से लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रीष्म ऋतु की दस्तक के पहले ही इन गांवों में पेयजल संकट से निपटने कोई तैयारी नहीं की गई, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि नलों से पानी नहीं आ रहा और हैण्डपंप भी खराब पड़ें हैं। समीपी ग्राम गुलवारा एवं गनियारी में पिछले 15-20 दिनों से नलजल योजना के बोर में खराबी आने के बाद से पूरे गांव में पेयजल आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। जिसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा जिम्मेदारों से बोर सुधरवाकर पेयजल आपूर्ति किए जाने की मांग की गई लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसी तरह ग्राम मतवारी में भी हैंडपंप खराब पड़े हैं। पानी की जगह हवा उगल रहे हैं। हैंडपंपों में पाईपलाइन की कमी के साथ अन्य पुर्जे खराब होने के कारण हेंडपंम्प सैलून से बंद पड़े हुए है। गांव में नलजल योजनान्तर्गत पानी की सप्लाई पाइपलाइन द्वारा घरों तक की जाती है लेकिन उसमें भी प्रति दिन कहीं बोर तो कहीं कोई पुर्जे खराब या लाइन में खराबी आ जाती है, जिससे मतवारी गांव में पेयजल संकट से स्थिति बिगड़ती जा रही है। पीएचई सहित अन्य उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए नलजल योजना के पाइपलाइन, कलपुर्जे एवं बिगड़े हेंडपंम्प नलों में सुधार कार्य कराने ग्रामीणजनों ने आग्रह किया है।

### मतवारी में हैण्डपंप खराब, सुधार की तरफ नहीं पीएचई का ध्यान

# 10 दिन से शुद्ध की बजाए विषैला पानी पीने मजबूर लोग

## गंदा पानी पीकर ग्रामवासी हो रहे बीमार, किसी को नहीं कोई सरोकार, पीना तो दूर नहाने लायक तक पानी नहीं

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में पिछले 10 दिनों से शुद्ध पेयजल की जगह पूरा नगर विषैला गंदा पानी पीने के लिए मजबूर है, इसके बावजूद भी ग्राम पंचायत के कर्ताधर्ता सहित भाजपा और कांग्रेस के नेता भी कुंभकर्णी निंद्रा में सो रहे हैं। लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कारीब 10 से 15 दिनों से पूरे उमरियापान नगर में दोनों टाइम ग्राम पंचायत द्वारा गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है, जिससे पूरा नगर परेशान है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि इससे पहले इतने गंदे पानी की सप्लाई कभी भी नहीं हुई थी, जितना गंदा पानी वर्तमान में हर घर में सप्लाई किया जा रहा है। भीषण गर्मी होने के कारण लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। साथ ही गंदा पानी पीकर ग्रामवासी बीमार होकर मेडिकल और अस्पताल में दवा लेने चक्कर लगा रहे हैं। कितना गंदा पानी पीने के लिए लोग विवश हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चाहे बरसात के दिनों का सड़क में बहता पानी पी लें चाहे शुद्ध पेयजल के नाम पर सप्लाई किए जाने वाला पानी पी लें। दोनों में कोई फर्क नहीं है। उसके बावजूद भी ग्राम पंचायत सहित राजनितिक रोटियां सेंकने वाले कांग्रेस, भाजपा के नेताओं को भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। लोगों का कहना है की इतने दिनों से इतना मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं की किन शब्दों में बयां करें हमारे पास कहने को कोई शब्द ही नहीं हैं। ऐसे हालात हैं की नलों से आ रहा पानी को पीना तो दूर नहाने लायक तक पानी नहीं है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है की कितना अच्छा पानी लोगों को नसीब हो रहा है। लोगों का कहना की इतना गंदा पानी आने का क्या कारण है। बोरबेल में कोई दिक्कत है तो आज 10 से 15 दिन बाद भी सुधार कार्य क्यूं नहीं करवाया जा रहा है। आखिर कब से नगवासियों को शुद्ध पेयजल नसीब होगा कोई जवाब देने वाला नजर नहीं आ रहा है। लगता है निरंतर गंदा पानी पीकर जब तक पूरा नगर बीमारी की जद में नहीं आ जाता है, तब तक किसी भी जिम्मेदारों की आंखों में बंधी पट्टी खुलने वाली नहीं है। घरों के बर्तनों में भरा पानी और बोटलों में भरा पानी देखकर तो ग्रामवासियों की जुवां में अब एक ही शब्द है कि नगर के जिम्मेदारों शुद्ध पेयजल के नाम पर इतना दूषित जल मत पिलाओ।

### इनका कहना है

भीषण गर्मी पड़ने के कारण जल स्तर काफी नीचे जा चुका है, जिस कारण नालों से गंदा पानी आ रहा है। नहर खुलने से वाटर लेवल बराबर आने से शायद समस्या का समाधान हो जाए और लोगों को शुद्ध पेयजल मिलने लगे।

**-सतीश गौतम, सचिव ग्राम पंचायत उमरियापान।**



# विप्रों को समाज हित में कार्य करने दिया संदेश






**कटनी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन कलेक्ट्रेट के समीप दिव्यांचल मैरिज गार्डन में दो सत्रों में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रीय संरक्षक पंडित जुगुल किशोर तिवारी ने भगवान परशुरामजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण करते हुए किया। राष्ट्रीय महासम्मेलन में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के समस्त पदाधिकारियों सहित हजारों विप्रो एवं पारिवारिक सदस्यों की उपस्थिति रही। मंचासीन अतिथियों ने वर्तमान परिदृश्य के अनुसार विप्र बंधुओं को समाज के हित में कार्य करने के लिए परिषद की अभिलाषा से अवगत कराते हुए समाज में एकता बनाए रखने उद्देश्य पूरक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर परशुराम जी के चित्र सहित जुगुल किशोर तिवारी द्वारा रचित साहित्य का वितरण किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मनोहर दुबे रिटायर्ड आईएएस, सुरेन्द्र दास महाराज, मुद्गल महाराज, श्याम शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सचिव अवधेश उरमलिया, हरि शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### पहली बार हुआ ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन



# अनुज बने पटवारी संघ के नए जिलाध्यक्ष

**कटनी।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में बड़वारा में पदस्थ तहसील अध्यक्ष अनुज दाहिया ने बाजी मार ली। उन्होंने इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राघवेन्द्र सिंह राजपूत 18 मतों से हराकर जीत दर्ज की। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुज दाहिया को 126 एवं निकटतम प्रतिद्वंदी राघवेन्द्र सिंह राजपूत को 108 मत प्राप्त हुए। परिणामों की घोषणा के बाद पटवारियों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुज दाहिया का पुष्पहारों से स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले के सभी पटवारियों ने अपना समर्थन देकर मुझ पर बड़ी जिम्मेदारी दी है। सभी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पटवारियों की समस्याओं को हल कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ के निर्देश पर कटनी जिले में जिलाध्यक्ष पद के चुनाव विगत 23 अप्रैल को जागृति पार्क माधवनगर में कराए गए। जिसमे कुल 281 में से 244 पटवारियों ने मतदान किया। जिलाध्यक्ष पद के लिए निवृत्तमान जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल, अनुज कुमार दाहिया और राघवेंद्र सिंह राजपूत ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था। 23 अप्रैल को मतदान कराया गया। जिसमे 126 मत प्राप्त करते हुए अनुज दाहिया ने जीत हासिल की। अनुज दाहिया के पटवारी संघ का जिलाध्यक्ष बनने पर प्रमोद दीक्षित, गणेश मिश्रा, विवेक तिवारी, रविन्द्र तिवारी, अमित कनकने, शादाब खान, राकेश गुप्ता, मो. नाजिर खान, मदनमोहन राय, भरतेश सिंह, विवेक उरमलिया, अमित श्रीवास्तव, राहुल चौरसिया, अनुज जायसवाल, मृगेंद्र शुक्ला, सुजाता बघेल, प्रतिभा मिश्रा, ज्योति अग्निहोत्री, निषाद बेगम सहित अन्य पटवारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### कड़े मुकाबले में 18 मतों से दर्ज की जीत, पटवारियों ने किया स्वागत

# विगढ़ पहुंचे युवराज महंत डॉ. राघवेश दास वेदांती महाराज

## शिष्यों ने की भव्य अगवानी

**विजयराघवगढ़।** धार्मिक ऐतिहासिक भगवान राघव की नगरी में परमवीर हनुमान जी महाराज की प्रेरणा से अयोध्या धाम के वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रमहर्षि बेदन्ति जी महाराज नया घाट अयोध्या के उत्तराधिकारी युवराज महंत डॉ राघवेश दास का आगमन श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम विजयराघवगढ़ में हुआ, जहां नगर के श्रद्धालु भक्त शिष्य मंडल एवं श्री गरुड़ध्वज संस्कृत विद्यालय के आचार्यों एवं छात्रों द्वारा स्वस्ति वाचन के साथ पूजन अर्चन कर भव्य स्वागत वंदन किया गया। महाराज श्री द्वारा उपस्थित भक्तों, छात्रों, आचार्यों को तदीयाराधन कराते हुए समस्त उपस्थित जनो का बहुमान किया एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के उपरांत सायंकाल 4 बजे कैमोर श्री सीताराम जी के दिव्य दर्शन करते हुए कलाक्षेप किये, जहां कैमोर नगर के अनिल शर्मा, मुन्ना भैया, विमलेदु प्यासी, बाबूलाल उरमलिया, अंबुज त्रिपाठी, गुलशन ग्रोवर सहित भक्त मंडली से मिलते हुए विंध्य की तलहटी स्थित श्री सीतारामजी के चरित्र का भाव पूर्ण चित्रण कर भक्त माली द्वारा रचित भजन सुना के उपस्थित जनों को भाव विभोर कर दिया, जहां केशवा नंद तिवारी, राधेश्याम तिवारी, आनंद अवस्थी, कुशाग्र अवस्थी, संदेश उपाध्याय, राजू गुप्ता सहित भक्त जन अमृतमयी वाणी से कृत कृत्य हो गए।



# स्कूलों में भृत्यों से करवाए जा रहे बेगारी के काम

कटनी। लघुवेतन कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी और समीक्षा बैठक उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय माधवनगर में आयोजित की गई, जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं, पर प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें स्कूलों में भृत्यों से कक्षों की सफाई, जैसे बेगारी काम करवाए जाना, संकुल प्राचार्यों द्वारा अनावश्यक रूप से अपने अधिनस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को संकुल में लंबे समय तक लगाए रखना, उनकी मूल पदस्थापना, जो शासन ने प्रदान की है, उससे दूर रखना, शिक्षा विभाग में वरिष्ठता सूची का प्रकाशन आज तक न किया जाना, राजस्व विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की परीवीक्षा अवधि समाप्त होने के उपरांत भी पांच-पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी उस अनुरूप वेतनमान प्रदान ना किया जाना इत्यादि शामिल रहा। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके, राकेश जसूजा, मोहित बर्मन, अजय गौतम, नीलेश पौराणिक, मनोज श्रीवास, हरीश बेन, दीपक चांदवानी, धर्मेंद्र कुमार राज, श्याम झारिया, कमलेश पाण्डेय, ज्ञानेंद्र पाण्डेय की उपस्थिति रही।




किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाय 50 हॉल- ऑफिस, बैंक,
गोदाम एवं कार्यालय के लिए
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 22th April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL







| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| JERSY | 12.00 PM | KGF Hindi 2D | 12:15 PM | JERSY | 9:30AM |
| JERSY | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 1:00 PM |
| JERSY | 7:00 PM | KGF Hindi 2D | 6:45 PM | KGF Hindi 2D | 4:15 PM |
| JERSY | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 7:30 PM |
| | | | | KGF Hindi 2D | 10:40 PM |

Paytm
book my show

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
शनिवार, 7 मई 2022
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि:शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जवाब हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रेक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से रजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

# अप्रैल महीने में ही शहर से लेकर गांवों तक सबसे बड़ी चुनौती बन गई प्यास

## लापरवाह लोक सेवकों को किया दंडित, बेहतर कार्य करने वालों को सराहा

**कटनी।** नगर निगम की बैठक के बाद गत दिवस जिला पंचायत प्रशासन की बैठक में भी पेयजल संकट छाया रहा। ग्रामीण अंचलों में अप्रैल महीने में ही जल संकट प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। जिससे निपटने तात्कालीन इंतजाम तो किए जा रहे हैं पर स्थाई तौर पर जलसंकट से निपटने का अभी भी कोई ठोस रास्ता नजर नहीं आया है। जिला पंचायत प्रशासन की बैठक में सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने अधिकारियों, कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला स्तर से जो भी निर्देश जारी होते हैं, उनका पालन अक्षरशः समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। वांछित जानकारियां सटीक, ठोस तथ्यों एवं प्रमाणकों पर आधारित होनी चाहिए। ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों को इंगत करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन समय में अत्यधिक गर्मी व घटते हुए जलस्तर से ग्रामीण जनों को पेयजल उपलब्ध कराना एवं प्राप्त शिकायतों और समस्या का निवारण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें, इस कार्य में दायित्वों के निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री गोमे ने जल जीवन मिशन के कार्यों एवं संचालित नल जल योजनाओ की ग्राम पंचायत वार अद्यतन स्थिति की जानकारी ग्राम पंचायतों एवं पीएचई के अधिकारियों से ली। ग्राम पंचायतों में हैंडपंपों में पाइपलाइन की कमी व सुधार की आवश्यकता संज्ञान में आने पर पीएचई के अधिकारियों को पाइप व अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ समस्या ग्रस्त स्थल का भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पेयजल की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा की ग्रामीण जनों को पेयजल आपूर्ति कराना हम सब की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। समीक्षा बैठक में सीईओ श्री गोमे द्वारा ग्राम पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्देशों का पालन बेहतर ढंग से करने के लिए सराहना की जाकर संबंधित सचिव और रोजगार सहायक को गुड कहा गया। बीसी पीएमएवाई बहोरीबंद को निर्देशों की अवहेलना हेतु सेवा समाप्ति नोटिस जारी किया जा चुका है। जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत



जिला पंचायत की समीक्षा बैठक में छाया रहा जलसंकट

तिघरा कलां, तिलगवां, सिमराड़ी, जमुनिया के सचिवों के अनुपस्थित रहने एवं आवश्यक जानकारियां उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे द्वारा निलंबित करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बड़खेरा भरदा के सचिव द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों में अपेक्षा अनुसार प्रगति नहीं पाए जाने के फलस्वरूप निलंबन की कार्यवाही और जी आर एस को सेवा समाप्ति का नोटिस तथा स्लीमनाबाद सचिव को एक वेतन वृद्धि रोकने का शोकाज व अन्यत्र किये जाने का प्रस्ताव और जीआरएस को शो काज नोटिस तैयार करने की कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कोड़िया के जीआरएस की सेवा समाप्ति हेतु निर्देशित किया गया तथा ग्राम पंचायत बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, बचैया के रोजगार सहायकों को बैठक में अनुपस्थित रहने एवं योजनाओं की प्रगति न्यून पाई जाने पर सेवा समाप्ति का शोकाज जारी करने की निर्देश दिए। जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पहाड़ी एवं गुलवारा के सचिव को अनुपस्थिति हेतु शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बहानेबाजी पर हार्ड एक्शन के लिए तैयार रहें। पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए जिसमें समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ, पीएचई के अधिकारी एवं अन्य संबंधित जनों को सम्मिलित करें तथा क्विक रिस्पांस देते हुए आवश्यक कार्यवाही करेंगे। तापमान में वृद्धि को देखते हुए पेयजल हेतु इमरजेंसी प्लान, प्रस्ताव एवं कार्ययोजना बनाकर तैयारी पूर्ण कर ले। ग्राम पंचायतों को प्राप्त 15वें वित्त की राशि का उपयोग पेयजल उपलब्धता हेतु गाइडलाइन के अनुरूप करें। पेयजल जलस्तर में वृद्धि हेतु जलाभिषेक अभियान एवं पुष्कर धरोहर योजना के अंतर्गत बारिश के पानी को संग्रहित व सुरक्षित रखने जल संरचनाओं का निर्माण अमृत सरोवर नवीन तालाब स्टॉप डेम, चेक डैम, नदी नाला पुनर्जीवन एवं जीर्णोद्धार के कार्य तकनीकी मानकों का पालन करते हुए ग्राम पंचायतों में कराए जाएं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वाटर रिचार्ज हेतु सोकपिटों का निर्माण अधिक से अधिक घरों या सामुदायिक स्थलों में कराया जावे। ग्राम पंचायत एवं स्व सहायता समूह की अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। ग्राम पंचायत भवन नियमित रूप से समय पर खोलें जावे ताकि ग्रामीण जन सुगमता से जन कल्याणकारी योजनाओं या अन्य विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकें। ग्राम पंचायतों में करारोपण स्वच्छता, संपत्ति, जल एवं अन्य करो की वसूली की कार्रवाई नियमित रूप से की जावे। ग्राम पंचायतों में विभिन्न निर्माण कार्यों में कार्यरत श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान एन एम एम एस प्रणाली के अंतर्गत किये जाए। आधार बेस्ड पेमेंट हेतु आधार सीडिंग भी समय सीमा में कर ली जाए। आयोजित चरणबद्ध समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत रीठी, बहोरीबंद, कटनी एवं विजयराघवगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एविभागीय अधिकारी गण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पीएम आवास की किस्तों में देर हुई तो होगी कार्रवाई

समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गोमें द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा की जाकर आवास पूर्णता एवं प्रगति में आने वाली बाधाओं को साझा किया गया तथा निर्देशित किया गया की आवास की पूर्णता एवं प्रगति हेतु प्रथम एद्वितीयए तृतीय किश्तो एवं मजदूरी की राशि पात्रता के अनुसार जारी करने में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब ना करें। हितग्राहियों से लगातार संवाद स्थापित करते हुए सैंटरिंग एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों की मांग पर सस्ते दामों की रेत और सीमेंट भी उपलब्ध कराई जा सकेगीए ताकि आवास पूर्णता एवं प्रगति में अवरोध ना हो। हितग्राही को अकारण किस्तों में विलंब या पात्रता अनुसार जियो टैगिंग नहीं किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।आवास प्लस प्रक्रिया में सत्यापन और पंजीयन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जावे। पीएम आवास प्रगति की रिपोर्टिंग हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। इसके लिए नोडल अधिकारी योगेंद्र कुमार असाटी एवं नरेंद्र रुपेरिया को नामांकित किया गया है। जिन्हें जनपद पंचायत द्वारा प्रगति की जानकारी से निर्धारित समय अनुसार अवगत कराया जाएगा।

## लाड़ली लक्ष्मी की मदद से संवर रहा भविष्य

### मड़ई की माही बर्मन को नहीं छोड़नी पड़ी बीच में पढ़ाई



**कटनी।** प्रदेश सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिका शिक्षा के साथ ही साथ बालिकाओं के आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण में भी मददगार साबित हो रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं को पढ़ाई के लिए मिल रही छात्रवृत्ति उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए वरदान साबित हो रही है। कटनी जिले की ग्राम पंचायत मड़ई निवासी माही बर्मन कक्षा 11वीं की छात्रा हैं। पिता मनोज बर्मन व माता वंदना बर्मन खेती बाड़ी का काम करके किसी तरह से माही की शिक्षा जारी रखे हुए थीं। माही ने बताया कि कक्षा 6वीं में उसे लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 2000 रूपये छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। योजना से मिली छात्रवृत्ति ने उसकी पढ़ाई को जारी रखने के काफी मदद की। कक्षा नवमीं में पहुंचने पर भी उसे योजना के तहत 4 हजार रूपये की राशि सीधे खाते में मिली है और जिससे वह अभी तक अपनी पढ़ाई को जारी रखे हुए है। उसका परिवार इस बात से निश्चिंत है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से उसकी आगे की पढ़ाई भी जारी रहेगी और उसे अब बीच में पढ़ाई नहीं छोड़नी पड़ेगी, जिसके लिए माही ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत हितग्राही बालिका को पढ़ाई लिखाई के लिये चार किश्तों में कुल 18000 रूपये की मदद दी जाती है। इसके तहत कक्षा छठवी में 2000, कक्षा नवमीं में 4000, कक्षा 11वीं में 6000 व कक्षा 12वीं में भी 6000 रूपये बालिका के खाते में जमा किये जाते हैं। इसके अलावा बालिका के 12वीं पास होने व 21 वर्ष के होने पर 1 लाख रूपये देने का प्रावधान लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत किया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना जिले की अनेक बालिकाओं के लिये वरदान सिद्ध हो रही है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर वेबीनार का आयोजन

**कटनी।** विश्व पृथ्वी दिवस पर शासकीय तिलक महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा एक वेबीनार का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार खरे के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अजय कुमार ठाकुर भूगोल विभाग, विषिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. माधुरी गर्ग प्राध्यापक हिन्दी विभाग ने विषय से संबंधित अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. व्ही.के. द्विवेदी द्वारा किया गया। छात्रों में से निधि सिंह सोलंकी, हर्षित सोनी, निधि सिंह, शंकर लाल यादव ने अपने- अपने विचार एवं संकल्प व्यक्त किये। डॉ. सुधीर खरे ने अपने उपवोधन में पर्यावरण की समस्या, निराकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम लगाकर करने की बात कही। डॉ. खरे ने बताया कि ब्रम्हांड का एक ग्रह पृथ्वी है, जिसमें जीवन विद्यमान है जिसे भगवान कहते है, उन्होंने बताया कि भ=भूमि, ग=गगन, व= वायु, अ =अग्नि, न = नीर है इसे सुरक्षित रखने से ही जीवन सुरक्षित रहेगा।

## स्वास्थ्य मेले में हुआ 1156 लोगों का उपचार





**कटनी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले भर में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेलों का आयोजन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में हड्डी रोग, मेडीसिन, सर्जरी, महिला विशेषज्ञ, शिशु रोग, नाक कान गला सहित अन्य रोगों का उपचार किया गया और मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले में 1156 लोगों ने पंजीयन कराया था, जिनका चिकित्सकों ने उपचार किया और दवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य मेले में अतिथि के रूप में बड़वारा विधायक विजेंद्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम मौजूद थे। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर विकासखंड वार आयोजित स्वास्थ्य मेलों में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान व हेल्थ कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मेले में शिविर लगाकर 80 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाए गए, जबकि 111 लोगों ने अपने हेल्थ कार्ड बनवाए। मेले में आयुष विभाग ने भी सेवाएं दीं तो जिले के निजी चिकित्सकों ने भी सेवाएं देते हुए लोगों का उपचार किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, डॉ. अशोक चौदहा, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. राजेन्द्र गुप्ता, डॉ. नवीन करण, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ.शैफाली गुप्ता, डॉ. विनय जैन, बीएमओ डॉ. अनिल झामनानी, सीईओ जनपद सुरेंद्र तिवारी सहित जिला अस्पताल के चिकित्सक, जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

**पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बने, निशुल्क दवाओं का भी किया गया वितरण**

## गंदगी फैलाने पर किया 1500 का जुर्माना



**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित सुचारू आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु रोजाना कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी एस.के.गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः निगम के अमले द्वारा नगर के मुख्य मार्गों गांघी द्वार, सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज रोड, झंडा बाजार, सहित नगर के मुख्य मार्गो के किनारे अस्थाई रूप से लगे सब्जी के ठेलों एवं दुकानों को हटाने की कार्यवाही की गई। विगत दिवस बस स्टेण्ड में कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण कर गंदगी फैलाने पर तीन व्यवसायियों पर 1500 रूपये जुर्माने की कार्यवाही की जाकर निर्धारित स्थल पर सामग्री रखने एवं दुकानों में डस्टबिन का उपयोग करने की हिदायत दी गई।

## युवाओं में कौशल विकास के लिए जरूरी है तकनीकी शिक्षा

### निजी आईटीआई में मापदंड के अनुरूप मानव संसाधन न होने पर होगी कार्रवाई

**जिला कौशल समिति की बैठक में कलेक्टर ने की कौशल उन्नयन योजनाओं की समीक्षा**



**कटनी।** कलेक्टर प्रियक मिश्रा ने शुक्रवार को जिला कौशल समिति की बैठक में जिले में संचालित रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। श्री मिश्रा ने ढीमरखेड़ा में आईटीआई भवन के निर्माण हेतु भूमि आवंटन का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि वे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में परपरागत व्यवसाय के साथ फूड प्रोसेसिंग जैसे संभावनाशील ट्रेड्स में प्रशिक्षण की भी योजना तैयार करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में मापदंड के अनुरूप मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए, इसका पालन नहीं करने पर संबंधित संस्थानों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि जिन संस्थानों में अप्रेंटिस एक्ट के तहत अप्रेंटिस नियुक्त नहीं किया है, उनके विरूद्ध भी एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। आर.पी.एल. स्कीम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को समय पर परीक्षा आयोजित कर सर्टिफिकेट प्रदान करने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए।

बैठक में समिति के सचिव एवं आईटीआई के प्राचार्य रंजीत रोहितास, महाप्रबंधक उद्योग अजय श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिंह, जिला रोजगार अधिकारी, जिला संयोजक, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण सहित उद्योगपति मनीष गेई और हिमांशु मौजूद रहे।

## शिक्षक कांग्रेस का प्रांतीय अधिवेशन 1 मई को भोपाल में

**कटनी।** म. प्र. शिक्षक कांग्रेस का प्रांतीय अधिवेशन 1 मई को राजधानी भोपाल के मानस भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री पी. सी. शर्मा, पूर्व मंत्री लखन घंघोरिया, शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित है। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि उक्त अधिवेशन में शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल किये जाने, शिक्षकों एवं गुरूजी संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान किये जाने, अतिथि शिक्षकों को शासकीय शिक्षक बनाये जाने तथा क्रमोन्नति प्राप्त शिक्षकों को पदोन्नति का पदनाम दिये जाने सहित अन्य प्रमुख विषयों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की जावेगी। कटनी जिले से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव इलयास अहमद, राजेश तिवारी, शिवराम शर्मा, जिलाध्यक्ष रामनिधि मिश्रा, अनिल मिश्रा, श्रवण पाठक, ऋषि परौहा, ऐश्वर्य मिश्रा, कमलेश गर्ग, सुरेन्द्र समदरिया, राकेश बघेल, शत्रुघन पाण्डे, राममित्र हल्दकार, सी. एल. यादव, सोमदत्त तिवारी, प्रघुम्न बख्शी, राहुल जैन, राजेश सराठे, ओमप्रकाश दुबे आदि पदाधिकारियों ने अधिवेशन में सम्मिलित होना सुनिश्चित करते हुए सभी शिक्षकों से अपील की है कि उक्त अधिवेशन में भाग लें।

## एनसीसी कैडेट्स ने रोपे पौधे

**कटनी।** विश्व पृथ्वी दिवस पर मध्य प्रदेश स्वतंत्र कम्पनी के कमान अधिकारी, ले. कर्नल विवेक कंडारी, एस.एम. के निर्देश पर केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे तथा तिलक महाविधालय के एनसीसी कैडेट्स ने विश्व पृथ्वी पर परिसर में पौधे रोपे तथा इन पौधों को पल्लवित पुष्पित करते हुए इन्हें वृक्ष बनाने का संकल लिया। वहीं सेंट्रल स्कूल के एनसीसी के कैडेट्स ने भी पर्यावर्ण संरक्षण के महत्व को समझा और लोगों को इस बारे में जागरूक करने का बीड़ा उठाया। मेजर सरदार दिवाकर ने बताया की वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, पृथ्वी से पानी ओर नीचे जाना यह सब पृथ्वी के अत्यधिक दोहन से हो रहा है। तो हमें अभी भी जागना होगा अपने आस-पास अधिक से अधिक वृक्ष लगाना होगा। पानी का उपयोग कम से कम करना होगा, हार्वेस्टिंग बनाना होगा। साथ ही एनसीसी अधिकारी जय नारायण तिवारी ने बताया कि वृक्ष तो सभी लगाते है। आवश्यकता है उन्हें जीवित रखने की एवं एक अवोध बालक की तरह पालना होगा। तभी हम सबका जीवन सुखमय बनेगा। इस अवसर पर नायब सूबेदार संजीव जसवाल, हबलदार सूरज राय एवं डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. रूकमणी प्रतापसिंह का विषेश सहयोग रहा।



## एनपीएस के तहत प्रदाय किए प्रान कार्ड

**कटनी।** नेशनल पेंशन स्कीम के अंतर्गत जिले के 270 ग्राम पंचायत सचिवों को प्रान कार्ड प्रदाय किए जा चुके हैं। इससे शासन द्वारा अंशदाई पेंशन कटौती के साथ होने वाले अन्य लाभ भी लोक सेवकों को मिल सकेंगे। प्रतीकात्मक रूप से जगदीश चंद्र गोमें सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को प्रान कार्ड प्रदान किये गए। इस दौरान सीईओ जनपद राजेश नरेंद्र सिंह, राकेश शुक्ला, ज्ञानेंद्र मिश्रा, मीना कश्यप एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### वेतन निर्धारण के लंबित प्रकरणों के लिए शिविर आज से

**कटनी।** शासकीय कर्मचारियों के लंबित वेतन निर्धारण के लिए जिला कोषालय कटनी में 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक वेतन निर्धारण शिविर का आयोजन किया गया है। कोष एवं लेखा के संयुक्त संचालक ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे अपने कार्यालय में लंबित वेतन निर्धारण की जांच व अनुमोदन करवा लें। शिविर में वेतन निर्धारण प्रभारी सहायक संचालक शैलेष गुप्ता और सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी के रूप में संदीप गोटिया, जूही अग्रवाल व कामनी मांझी मौजूद रहेंगी।

## चावल का निर्यात बढ़ाने आयोजित होगी कार्यशाला

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी की बैठक



**कटनी।** शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय एक्पोर्ट प्रमोशन काउंसिल की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में भोपाल के डायरेक्टर कंट्रोल ट्रेड और एमपीआईडीसी एक्सपोर्ट सेल के अधिकारियों से वर्चुअल चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने जिले के एक्सपोर्ट के पिछले तीन वर्षो के डाटा के आधार पर आगामी प्लान पर काम करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के चावल तथा रिफैक्ट्रीज उत्पादों के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के संबंध में आगामी माह में एक वर्कशॉप का आयोजन करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कटनी के उत्पादन की कटनी के नाम से ब्रांडिग हो और एक्पोर्ट का कार्य किसी अन्य माध्यम से ना हो तथा कटनी के उत्पाद को कटनी का नाम मिल सके, इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के लिये भी कलेक्टर ने निर्देशित किया। वहीं जिले में उद्योगों के विकास के लिये संबंधित विभागों से विस्तृत चर्चा करते हुये कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग, बैंक, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित उद्योगपति शामिल थे।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033

Email :- katni@yashbharat.com

# जिला अस्पताल : मरीजों की जान सांसत में





## भीषण गर्मी में एसी व कूलर खराब, खौलता पानी पीकर या खरीदकर प्यास बुझाओ

**कटनी।** प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में न तो स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो पा रही हैं और न ही यहां भर्ती होने वाले मरीजों व उनके साथ रहने वाले परिजनों को मूलभूत सुविधाएं मिल पा रही हैं। हालात ये हैं कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन 40 डिग्री से अधिक की गर्मी में पसीने से तरबतर रहते हैं। अस्पताल में मरीजों-परिजनों के लिए न ठंडा पानी है, न वार्डों में कूलर-पंखे चल रहे हैं। आईसीयू के एसी तक खराब हैं। सबसे ज्यादा गंभीर स्थिति अस्पताल के अलग-अलग वार्डों में है, जहां जरूरत के मुताबिक पंखे तक नहीं लगे हैं। जिले के इस सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में रोज औसतन 60 मरीज भर्ती होते हैं, 25 से 30 डिलिवरी होती है। आउटडोर में औसतन रोज 500 मरीज आते हैं। महिला-पुरुष वार्डों में लगे ज्यादातर कूलर खराब हैं। अनदेखी के चलते कई कूलरों में पानी की मोटर और पंखे गायब हैं। गर्मी के तीखे तेवर मरीजों के पसीने छुड़ा रहे हैं, अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा मरीज भुगत रहे हैं। इन दिनों मौसमी बीमारियों के आ रहे मरीजों को गर्मी के साथ मच्छरों से भी दो-दो हाथ करने पड़ते हैं। प्रसूता वार्ड में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां गर्मी से बचाव के लिए इस वार्ड में लगा डक सिस्टम भी शोपीस है। भर्ती प्रसूताएं और उनके नवजात गर्मी के मारे परेशान हैं। प्रसूताओं का जी घबराता है, उल्टियां हो जाती हैं, चक्कर आते हैं। कुछ प्रसूताओं के परिजनों ने घर से पंखे लाकर लगा रखे हैं। कई बाजार से खरीदकर लाए हैं।

### गत्तों से हवा कर रहे बच्चों के परिजन

बाल रोग विभाग और कुपोषित बालरोग इकाई में आधा दर्जन से अधिक बच्चे भर्ती हैं जो गर्मी के मारे रो रहे थे। परिजन गत्तों से हवा कर रहे थे। ऑब्जर्वेशन व वेटिंग वार्ड में भी हालात खराब हैं। यहां गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ने पर भर्ती कराया जाता है लेकिन गर्मी के मारे रहा नहीं जा रहा।

### वार्डों में कूलर व पंखे बंद

सर्जिकल वार्ड के स्टाफ ने बताया कि महिला सर्जिकल वार्ड व बर्न वार्ड में के कूलर एक साल बाद ही जवाब दे गए। एक बार बीच में उन्हें सुधरवाया, फिर खराब हो गए। यहां काफी समय से ये कूलर बंद ही पड़े हैं। इनको सही कराने के लिए लिखित में दे दिया लेकिन ठीक नहीं हुए। हो सकता है इस बार ठीक हो जाए। मेडिकल वार्ड के भी कुछ इसी तरह के हालात हैं। यहां रखे कूलर चालू नहीं किए गए हैं।





**प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद पटरी पर नहीं आ पा रही स्वास्थ्य सेवाएं, मूलभूत सुविधाओं से भी मरीज व उनके परिजन वंचित**

### प्रसाधन में भी पानी नहीं

वहीं जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में बने प्रसाधन घरों में भी पानी की कमी है। जिसकी वजह से मरीज व उनके परिजन परेशान है। बच्चों के आईसीयू वार्ड के प्रसाधन में पानी न होने के कारण स्टाफ ने ताला डालकर रखा है। कुछ इसी तरह का हाल जिला चिकित्सालय के अन्य वार्डों में स्थित प्रसाधन घरों का है।



## मकान के अंदर मंदिर से डेढ़ लाख की चोरी

### कैलवारा फाटक में प्रजापति धर्मशाला के पास वारदात

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत कैलवारा रोड पर प्रजापति धर्मशाला के पास मकान के अंदर स्थित मंदिर में डेढ़ लाख की चोरी का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कैलवारा रोड प्रजापति धर्मशाला के पास निवासी राकेश सोनी के मकान के अंदर स्थित मंदिर में चोरों ने धावा बोला और मंदिर से सोने की बासुरी, चांदी की खड़ाऊ सहित मंदिर में लगा सोनी कंपनी का साउंड सिस्टम लेकर चंपत हो गए। चोरी गए सामान की कीमत डेढ़ लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## ग्राम सभा के दौरान पंचायतों में विवाद,पुलिस ने दर्ज किए मामले



**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द व ग्राम पंचायत पठरा में ग्राम सभा के दौरान विवाद का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत कैलवाराखुर्द ग्राम सभा के दौरान विवाद की शिकायत जयंती पति शिवप्रकाश चक्रवर्ती के द्धारा की गई और भूषण पाठक पर गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए। पुलिस ने जयंती की शिकायत पर भूषण पाठक के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसीप्रकार ग्राम पंचायत पठरा में ग्राम सभा के दौरान राकेश पटेल और बिज्जू उर्फ विजय पटेल नामक युवकों ने पंचायत का रजिस्टर फाड़कर सरपंच से विवाद किया। पुलिस ने सरपंच प्रेमलाल यादव की शिकायत पर दोनों युवकों के विरूद्ध धारा 294, 353, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसे में गंभीर बरही के युवा व्यवसायी की नागपुर में मौत

### जबलपुर में वाहन पलटने से हुआ था घायल



**कटनी/बरही।** कुछ समय पूर्व जबलपुर में वाहन पलटने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए बरही के युवा व्यवसायी की नागपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवा व्यवसायी की मौत की खबर से बरही में शोक की लहर दौड़ गई और लोग शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधवाने पहुंचने लगे। बताया जाता है कि बरही निवासी सेवानिवृत्त पटवारी रोहणी प्रसाद पटेल के नाती, राजकुमार-कुसुम पटेल के छोटे पुत्र तथा जनपद सदस्य तीरथ पटेल, अशोक पटेल, राजू पटेल के भांजे 29 वर्षीय विनय पटेल 4 दिन पूर्व एक तिलक समारोह में शामिल होने जबलपुर गया हुआ था, जहां उनका वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया था। इस सड़क हादसे में विनय के सिर में सांघातिक चोटें आई थी, जिसे जबलपुर से बेहतर इलाज के लिए नागपुर रिफर किया गया था। जहां इलाज दौरान विनय की सांसे थम गई। बरही नगर के युवा व्यवसायी विनय पटेल के यूं चले जाने की खबर मिलने से क्षेत्र में मातम पसर गया। विनय हंसमुख, मिलनसार व्यक्तित्व का धनी था। पटेल परिवार में टूटे इस दैविक वज्रपात को सहन करने, मृतात्मा की शांति के लिए नगर के व्यापारियों, युवाओं ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। विनय का शव आज सोमवार की रात नागपुर से बरही पहुंचेगा। विनय का अन्तिम संस्कार कल मंगलवार की सुबह किया जाएगा।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

आवश्यकता है
ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी युवक-युवतियों की आवश्यकता है। टेली में कार्य करने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी।
संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स जबलपुर रोड बरगवां कटनी मो. 9009767272

स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित
श्रीमद् भागवत कथा
शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक
शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण
स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी
स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी
निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग
एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428
कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)

PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511

प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740

श्री वेंकटेश्वरा
बोरवेल्स डीजल एंड स्पेयर्स
हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु संपर्क करें
हर प्रकार के बोर करवाने हेतु, उचित दरों में....
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
समकित जैन
मो. -7869171856, 7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)